# कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.)

Ph. No. 07642-250760, Fax. No. 07642-251266
E-mail: fdknp.mdl@mp.gov.in

क्र. / मा.चि. / 2876 मण्डला, दिनांक / 22.10.19

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश
भोपाल

विषय :– बालाघाट जिले में म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 1 बालाघाट द्वारा ग्राम अतरचुहा से बाजघुंदी मार्ग के उन्नयन कार्य हेतु 0.96 हेक्टेयर वनभूमि के प्रस्ताव में स्वीकृति जारी करने बाबत्। (प्रकरण क्रमांक / FP/MP/ROAD/40852/2019)

संदर्भ : उप संचालक, बफर जोन वनमण्डल, कान्हा टायगर रिजर्व, मण्डला का पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2516 दिनांक 04.10.2019

उपरोक्त विषयांकित संदर्भ में निवेदन है कि कान्हा टायगर रिजर्व के बफर जोन वनमण्डल के गढ़ी परिक्षेत्र के अंतर्गत बालाघाट जिले में म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 1 बालाघाट द्वारा ग्राम अतरचुहा से बाजघुंदी मार्ग के उन्नयन कार्य हेतु 0.96 हेक्टेयर वनभूमि के प्रस्ताव (प्रकरण क्रमांक / FP/MP/ROAD/40852/2019) में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों के तहत् अनुमति चाही गई है। उप संचालक, बफर जोन वनमण्डल, का.टा.रि. मण्डला के संदर्भित पत्र अनुसार सहायक संचालक, मलाजखण्ड, बफर जोन वनमण्डल, का.टा.रि. मण्डला द्वारा आवेदित स्थल का निरीक्षण किया गया है। उप संचालक, बफर जोन वनमण्डल, का.टा.रि. मण्डला के द्वारा प्रस्ताव के ऑनलाईन पार्ट–2 में प्रविष्टि उपरांत अनुमति दिये जाने हेतु अनुशंसा भी की गई है। अतः उक्त प्रकरण के ऑनलाईन पार्ट–3 में प्रविष्टि उपरांत एक–एक प्रति एवं आवेदक विभाग से प्राप्त प्रकरण की दो प्रति संलग्न कर अनुमति दिये जाने की अनुशंसा सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित है।

| क्र. | वन परिक्षेत्र | वनखण्ड | कक्ष क्र. | कक्ष के अंतर्गत प्रस्तावित | | | जी.पी.एस रीडिंग (प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक बिन्दु का कक्षवार) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लंबाई मी0 | चौड़ाई मी0 | रकबा (हे0) | |
| 1 | गढ़ी | कोयलीखापा अतरचुहा | 842<br>873 | 1600 | 6.00 | 0.96 | प्रारंभिक विंदु - N - 22°19'15.16" E- 80°53'05.38"<br>अंतिम बिंदु - N - 22°18'51.7" E- 80°51'22.9" |
| | | | योग :– | 1600 | 6.00 | 0.96 | – |

सहपत्र :– 1. प्रपत्र– III
2. प्रस्ताव की दो प्रतियाँ।

(एल. कृष्णमूर्ति भा.व.से.)
मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक
कान्हा टायगर रिजर्व
मण्डला

पृ.क्र. / मा.चि. / 2877 मण्डला, दिनांक / 22.10.19

प्रतिलिपि :– 1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित।

2. उप संचालक, बफर जोन वनमण्डल, का.टा.रि. मण्डला की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(एल. कृष्णमूर्ति भा.व.से.)
मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक
कान्हा टायगर रिजर्व
मण्डला